# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. कल से शुरु होगा विधानमंडल का बजट सत्र : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक में सदन को सुचारु रुप से चलाने में सभी दलों से की सहयोग की अपील।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को प्रदेश के लिए बताया महत्वपूर्ण : कहा– विभिन्न उद्योगों को मिलेगा लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति।
3. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज द्वारा दलहन उत्पादन के लिए 125 करोड़ रुपए की सहायता मिलने पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जताया आभार : कहा– प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भरता के संकल्प को पूरा करने में मिलेगी मदद।

और

4. कुशीनगर में ट्रक और कार की टक्कर में तीन युवकों की मौत, चार घायल : मुख्यमंत्री ने जताया शोक प्रभावित परिवारों की मदद के दिए निर्देश।

---

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने सत्र के सुचारू संचालन के लिये आज विधान भवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की। इसमें सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुये। नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारु रूप से चर्चा करनी चाहिए। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधाएं न आएं, इसका ध्यान सभी सदस्यों को रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि सदन में सदस्यों को अपना पक्ष रखने का समुचित अवसर दिया जायेगा। बाइट...

*विधान सभा का मंच चर्चा–परिचर्चा के लिये है, सहमति और असहमति लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण पार्ट है। लेकिन चर्चा लोग करेंगे क्योस करने से न विपक्ष की बात आ सकती है न सरकार अपनी बात कह सकती है। सभी नेताओं ने मुझे इस बात का आश्वासन दिया है कि विधान सभा का सत्र सुचारू रूप से चलेगा उनको बोलने का अवसर दिया जाये, मैंने भी ये कहा कि मैं पर्याप्त अवसर सभी माननीय सदस्यों के लिये दूंगा, सांयः आठ बजे तक हाउस चलाने की जरूरत पड़ी तो उसको भी चलायेंगे, ताकि सब लोगों को अवसर मिल सके।*

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदन में कानून व्यवस्था और बेरोजगारी सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा पर जोर देगी।

बाइट...

*मुख्य मुद्दा मंहगाई है, बेरोजगारी है, कानून व्यवस्था है, शिक्षण संस्थाओं को प्रोन्नत करके अच्छा बनाने का भी मुद्दा है और मंहगाई पर चर्चा कराने के लिये हमने नियम 52 में दो सूचनायें दी हैं कि हमको दो–दो घण्टे की चर्चा करा दीजिये, इससे मंहगाई पर चर्चा चल जाये।*

**कल से शुरू हो रहे बजट सत्र में सुबह 11 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल संयुक्त सत्र को सम्बोधित करेंगी। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से....**

*उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र कल सुबह 11 बजे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। राज्यपाल दोनों सदनों–विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद औपचारिक कार्य होंगे। 10 फरवरी को विधानसभा सदस्यों के निधन संबंधी सूचना पढ़े जाने के बाद कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाएगा। बजट सत्र के दौरान कई अध्यादेशों को भी पेश किया जाएगा। 11 फरवरी को सुबह 11 बजे यूपी विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश किया जाएगा। बजट पेश होने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी। 12 फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रहेगी। 13 फरवरी को चर्चा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पर अपना जवाब पेश करेंगे। 16 से 20 फरवरी तक सदन में विभागीय बजट प्रस्तावों पर चर्चा होगी और इस दौरान कई अध्यादेशों को पेश किया जायेगा। बजट सत्र को लेकर विधान भवन के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। विधान भवन के सामने की मुख्य सड़क और अन्य मार्गों पर यातायात डायवर्ज़न भी लागू रहेगा। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय समझाते से प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। श्री योगी ने कहा कि इस समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट ने उत्तर प्रदेश की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिये महत्वपूर्ण नीतिगत**

संकेत दिया है। संयुक्त वक्तव्य में भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ को औसतन पचास पतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और चुनिन्दा श्रेणियों में शून्य किये जाने का प्रावधान ऐसे समय आया है जब राज्य सरकार श्रम प्रधान उद्योगों, एसएसएमई और क्लस्टर आधारित विनिर्माण को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि टैरिफ कटौती से श्रम प्रधान उद्योगों को नीतिगत समर्थन मिलेगा, जिससे भदोही–मिर्जापुर कालीन और वाराणसी सिल्क उद्योगों की पहुंच बाजार में और बेहतर होगी। वहीं कानपुर–आगरा लेदर क्लस्टर के लिये लागत दबाव में कमी आयेगी।

———————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्तर प्रदेश दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 125 करोड़ रूपये का चेक प्रदान करने के लिए आभार जताया है। श्री शाही ने कहा है कि यह वित्तीय मदद राज्य के किसानों की आय में वृद्धि, पोषण सुरक्षा और दलहन आत्मनिर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश वर्तमान में देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है। वर्ष 2024–25 में तीस लाख बयासी हजार मीट्रिक टन पदावार के साथ चौथे स्थान पर रहा है। श्री शाह ने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत प्रदेश

में उन्नत बीजों के वितरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने आज प्रेसवार्ता कर बजट को विकसित भारत के लिये महत्वपूर्ण बताया। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मिर्जापुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बजट में आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय अनुशासन और सुशासन को प्राथमिकता दी गई है। उत्तर प्रदेश के लिए बजट को विकास का ग्रोथ इंजन बताते हुए श्री पटेल ने कहा कि हाई–स्पीड रेल, एक्सप्रेस–वे, लॉजिस्टिक कॉरिडोर से कनेक्टिविटी और निवेशबढ़ेगा। संतकबीरनगर में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि 53 लाख 47 हजार 315 करोड़ का यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में 7 दशमलव 7

प्रतिशत अधिक है, जो हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है।

———————

कुशीनगर जिले के हाटा कस्बे के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार कार के टक्कर से हुई दुर्घटना में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गयी जबकि अन्य 4 लोग घायल हो गए। यह सभी निजी कार्यक्रम से देर रात घर लौट रहे थे। घायलों को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हादसे में प्रभावित लोगों की मदद का आदेश दिया है।

———————

प्रदेश भर में चाइनीज मांझे के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि चाइनीज मांझे के उत्पादन, बिक्री और भंडारण से जुड़े हर व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाइ की जाये। श्री योगी ने चेतावनी दी है कि चाइनीज मांझे से कोई घटना हुई तो सिर्फ विक्रेता ही नहीं बल्कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी जिम्मेदार माना जायेगा।

———————

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में जोर–शोर से तैयारी चल रही है। वाराणसी में इसे लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। तैयारियों के सिलसिले में

आयोजित समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त और पुलिस आयुक्त ने सभी सम्बन्धित विभाग को तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। बैठक में काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिये सुरक्षित और सुव्यवस्थित दर्शन उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्धता भी जतायी गयी।

उधर, बाराबंकी जिले के महादेवा में प्रसिद्ध लोधेश्वर धाम में महाशिवरात्रि का उत्साह बढ़ रहा है। आज से ही शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। सुबह से ही हजारों की संख्या में कांवड़िये कांवड़ चढ़ाकर भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन–अर्चन कर रहे हैं।

———————

पर्यटन विभाग राजधानी लखनऊ के चौक स्थित प्राचीन कोनेश्वर महादेव मंदिर के सौन्दर्यीकरण पर एक करोड़ रूपये की धनराशि खर्च करेगा। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया है कि मंदिर परिसर में आगंतुकों की सुविधा के लिये आधुनिक प्रकाश व्यवस्था पेयजल और स्वच्छ शौचालय की सुविधा और श्रद्धालुओं के लिये विश्रामस्थल बनाये जायेंगे। इस मंदिर के कोने में विराजमान शिवलिंग की विशिष्ट पहचान है। सावन के महीने में इस पौराणिक मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

———————